卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 302 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦9 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## खाई में गिरे दो वाहन, पांच की मौत

पौड़ी (उद संवाददाता)। थाना सतपुली क्षेत्रान्तर्गत गुमखाल में कार खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी। एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। जबकि मसूरी में भी एक कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक घायल हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात्रि थाना सतपुली द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गयी कि गुमखाल के पास एक कार अनियंत्रित होकर अत्यधिक गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। सूचना पर एसडीआरएफ कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीमें आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ सतपुली व श्रीनगर से तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।




घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त वाहन में गांव-देवदाली, ब्लॉक ख्र जयहरीखाल, पौड़ी गढ़वाल निवासी 62 वर्षीय चंद्रमोहन सिंह,63 वर्षीय दिनेश सिंह, 45 वर्षीय कमल सिंह और 40 वर्षीय अतुल बिष्ट सवार थे जो गुमखाल बाजार से अपने घर की ओर जा रहे थे। एसडीआरएफ जवानों ने रात्रि के घनघोर अंधेरे में दुर्गम मार्गों से होते हुए गहरी खाई में उतरकर वाहन तक अपनी पहुँच बनाई। वाहन सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। एसडीआरएफ टीम कड़ी मशक्कत करते हुए 3 शवों को रोप स्ट्रैचर की सहायता से लगभग 500 मीटर गहरी खाई से निकालकर मुख्य मार्ग तक (शेष पृष्ठ सात पर)

## दोहरे हत्याकाण्ड का आरोपी गिरफ्तार

### हत्यारोपी से की जा रही पूछताछ,जल्द होगा खुलासा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजादनगर ट्रांजिट कैंप में बीते दिनों हुए दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले हत्यारोपी को पुलिस ने काफी मशक्कत के पश्चात आखिरकार अपने शिकंजे में फंसा ही लिया है। ज्ञात हो कि हत्यारोपी यहां पति पत्नी को चाकू के वार से मौत के घाट उतार कर फरार हो गया था। जबकि इस हत्याकांड के दौरान बीच बचाव करने आयी महिला को भी हत्यारोपी ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। घटना के बाद से आरोपी पुलिस को लगातार चकमा देकर छका रहा था। पुलिस ने कडी मशक्कत के बाद मुखबिर की सूचनाओं तथा मोबाईल सर्विलांस की



मदद से पकड़ लिया है। उससे ट्रांजिट कैंप थाने में अधिकारियों द्वारा पूछताछ कर पूरे हत्याकांड की जानकारी जुटाई जा रही है। जिसके बाद कई अनसुलझे राजों पर से परदा उठ जायेगा। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के आजादनगर वार्ड न0 7 में आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते संजय यादव के घर मध्य रात्रि घुस गया। जहां याने चाकू से वार कर संजय और उसकी पत्नी सोनाली की हत्या कर दी। इस दौरान बचाने आई सोनाली की मां गौरी मंडल को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा संजय के पुत्र जय को धक्का देकर मौके से फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसे दबोचने के लिए लगातार जुटी हुई थी। पुलिस की कई टीमें भी संभावित स्थानों (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाजपुर में पकड़ी अवैध हथियारों की फैक्ट्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड एसटीएफ व उधम सिंह नगर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में बाजपुर के एक घर में चल रही अवैध हथियारों की फैक्ट्री का



भण्डाफोड़ किया है। पकड़ी गयी फैक्ट्री से अवैध हथियार उत्तराखण्ड, हरियाणा, पंजाब समेत समूचे उत्तर प्रदेश में स्पलाई किये जा रहे थे। टीम ने मौके से 6 सेमीऑटोमैटिक पिस्टल,तंमचे ,कारतूस ,मैगजीन, निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल और एसएसपी (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में बुझा घर का इकलौता चिराग

### अनियंत्रित बाईक पेड़ से भिड़ी, तीन माह पहले हुई थी मृतक की शादी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि दिनेशपुर गूलरभोज रोड के मध्य



अनियंत्रित बाइक के पेड़ से भिड़ जाने से उस पर सवार में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को उपचार के



लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया ।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक मां बाप की इकलौती संतान थी और उसकी तीन माह पहले ही शादी हुयी थी। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्पीलपर फैक्ट्री में करेंट से श्रमिक दर्दनाक की मौत

लालकुआं(उद संवाददाता)। स्लीपर फैक्ट्री में करंट लगने से एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे उसके परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना बुधवार तड़के चार बजे की है। बिंदुखत्ता के संजय नगर प्रथम हनुमान मंदिर निवासी 45 वर्षीय भोपाल सिंह कोरंगा स्लीपर फैक्ट्री में ड्यूटी करने के लिए गया था, ड्यूटी के दौरान भोपाल को अचानक करंट लग गया। आनन फानन (शेष पृष्ठ सात पर)


‘राधा स्वामी’ **रस्म पगड़ी** ‘राधा स्वामी’



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति **सरदार हरबंस सिंह तनेजा जी** का आकस्मिक निधन दिनांक 7 अगस्त 2023 को हो गया है, जिनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 10 अगस्त 2023 दिन बृहस्पतिवार** को दोपहर 11 से 1 बजे तक **गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा बिलासपुर** में संपन्न होगी।


**शोकाकुल परिवार**

**श्रीमती सतनाम कौर तनेजा ( पत्नी )**
सीता तनेजा-स्व. श्याम दास तनेजा ( भाभी-भाई )
राजकुमार तनेजा-रमेश तनेजा ( भाई-भाभी )
अशोक तनेजा-रेखा तनेजा ( भाई-भाभी )
राजू तनेजा-काजल तनेजा ( भतीजा-भतीजावधु )
विनीत तनेजा-शीना तनेजा ( भतीजा-भतीजावधु )
सुनील तनेजा-रेशु तनेजा ( भतीजा-भतीजावधु )
सुमित तनेजा-रेनू तनेजा ( भतीजा-भतीजावधु )
मुदित तनेजा-अंजली तनेजा ( भतीजा-भतीजावधु )
निखिल तनेजा-नवनीर तनेजा ( भतीजा-भतीजावधु )
शेखर तनेजा ( भतीजा )

विजय छाबड़ा-रीना छाबड़ा ( दामाद-पुत्री )
विकास कुकरेजा-मीनाक्षी कुकरेजा ( दामाद-पुत्री )
विजय बठला-मीनू बठला ( दामाद-पुत्री )
रोहित गुम्बर-गौरी गुम्बर ( दामाद-पुत्री )
आदित्य सचदेवा-शुभा सचदेवा ( दामाद-पुत्री )
राहुल जोगी-शगुन जोगी ( दामाद-पुत्री )
राघव छाबड़ा -रमन छाबड़ा ( दामाद-पुत्री )
एवं समस्त तनेजा, गुम्बर व खुराना परिवार
मो.99276 65165


## हाईवे पर ढेला पुला ढहा,आवाजाही ठप

काशीपुर( उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर केवीआर हॉस्पिटल के समीप ढेला नदी के ऊपर से गुजरने वाला पुल अचानक भरभराकर मलबे में तब्दील हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों को जैसे ही इसका पता चला वह फौरन मौके की ओर दौड़ पड़े। हालांकि पुल टूटने के कारण किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। ढेला नदी पर बने पुल का हिस्सा भरभरा कर ढह गया। हाईवे पर बने इस पुल के अचानक ढहने से एक बड़ा हादसा होते होते बचा। गनीमत रही कि पुल के ढहने के समय वहां से वाहन नहीं गुजर रहे थे। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने इस पुल के ढहने से एन एच के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पोल खुल



गई है। बुधवार सुबह एन एच 74 पर लोगों ने सरवरखेड़ा के पास बने पुल को ढहा हुआ देखा तो तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पाकर एन एच और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गये तथा बैरीकेडिंग लगाकर मार्ग को बंद कराया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। फिलहाल अधिकारियों ने वहां सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक प्रबंध कर दिये हैं। लेकिन इस पुल (शेष पृष्ठ सात पर)

## 50 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

काशीपुर( उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक



नशा कारोबारी को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 50 लाख से भी अधिक कीमत की अवैध स्मैक व हजारों रूपयों की नगदी बरामद करने में सफलता पाई है। इस मामले में रेशमा नामक एक शातिर महिला समेत आधा दर्जन फरार बताए जा रहे हैं। मामले का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि राज्य भर में इस वर्ष की यह सबसे बड़ी रिकवरी है। इसके लिए एसएसपी ने पुलिस टीम को शाबाशी देते हुए 2000 नगद पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही फरार अभियुक्त सलाखों के पीछे किए जाएंगे। कार्यवाही (शेष पृष्ठ सात पर)

### नशा तस्करों की संपत्ति होगी जब्त

काशीपुर। कोतवाली में पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि तस्कर अमरुद्दीन बरेली पुलिस द्वारा इनामी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में फरार रेशमा नामक अभियुक्ता काशीपुर पुलिस द्वारा इनामी है। उन्होंने बताया कि रेशमा का पूरा परिवार पिछले लंबे समय से बरेली में रहकर स्मैक बनाने व बेचने का काम करता है। उन्होंने पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को नशा तस्करों (शेष पृष्ठ सात पर)

# गौला नदी के पास झाड़ियों में लहूलुहान हालत में पड़ी मिली बालिका, हालत गंभीर

## एसटीएच में भर्ती बालिका ने युवक पर लगाया मारपीट और रेप के प्रयास का आरोप,परिजनों से पूछताछ में जुटी पुलिस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक करीब बारह वर्षीया बालिका गौला नदी से कुछ दूरी पर जंगल की झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ी पाई गई। उसका चेहरा पत्थरों की चोट से बुरी तरह कुचला गया था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दुष्कर्म में नाकाम व्यक्ति ने पत्थर से उसका चेहरा कुचल डाला। जबड़ा तोड़ दिया और उसे मरा समझ कर मौके से फरार हो गया। हालांकि उसकी की सांसे चल रही थीं। पुलिस ने गंभीर अवस्था में बालिका को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया है। घटना में बालिका के किसी करीबी पर शक जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर निवासी एक व्यक्ति के घर में निर्माण कार्य हो रहा है। वह व्यक्ति निर्माण के लिए कल मंगलवार को सुबह गौला नदी से रेत निकालने गया था। जब वह काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो उसकी पत्नी ने अपनी 12 साल की बेटी को खाना लेकर पिता के पास भेजा। परंतु पिता के लिए खाना लेकर निकली लड़की पिता के पास पहुंची ही नहीं। जब बालिका का पिता रेता लेकर घर पहुंचा और पत्नी ने बेटी के बारे में पूछा तो उसे बताया कि बेटी को खाना देकर तुम्हारे पास भेजा था । बेटी के अचानक लापता हो जाने से आनन–फानन में पिता अपने साले के साथ बेटी की तलाश में निकल पड़ा। गौला नदी किनारे जंगल के पास बकरी चरा रही एक महिला और उसके पति ने उन्हें बताया कि एक लड़की लहूलुहान हालत में आर्मी कैंट की दीवार के पीछे झाड़ियों में पड़ी मिली थी। जिसे पुलिस सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले गई है। आनन–फानन में पिता एसटीएच पहुंच गया। एसटीएच में चिकित्सकों की टीम ने गंभीर रूप से घायल बालिका का परीक्षण किया। जिसके बाद पता लगा कि किसी वजनदार चीज से लड़की के चेहरे पर हमला किया गया है। जिसकी वजह से लड़की का जबड़ा टूट गया है, होंठ से लेकर ठुड्डी तक और सिर के पीछे गहरा घाव है। चिकित्सकों की दूसरी टीम इस बात का पता लगा रही है कि क्या लड़की के साथ दुष्कर्म भी किया गया है। हालांकि चिकित्सक लड़की की हालत खतरे से बाहर, लेकिन नाजुक बता रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में पुलिस की नजर में पिता संदिग्ध है। अस्पताल में भर्ती बालिका डरी होने के कारण बार–बार बयान बदल रही है। पुलिस द्वारा मौके पर डॉग स्क्वायड को भेजा गया है। साथ ही सीओ को पूरे मामले की गहन छानबीन के लिए कहा है। सूत्रों के अनुसार पुलिस जब उसे अस्पताल लेकर पहुंची तो उसने खुद ही अपना और पिता का नाम बताया। साथ ही कहा कि उसे एक लड़के ने मारा है और फिर कहा कि उसके साथ रेप की कोशिश की गई है। वहीं दूसरी ओर पिता और लड़की की दादी के बयानों में विरोधाभास सामने आए है। दादी का कहना है कि लड़की को मां ने खाना देकर घर से भेजा था। जबकि पिता का कहना है कि लड़की सुबह से उसके साथ थी और उसने ही लड़की को घर खाना लेने के लिए भेजा। जबकि दोनों के बयानों से हटकर लड़की घर से डेढ़ किलोमीटर दूर झाड़ियों में पड़ी थी। इसके बाद भी पिता ने कई बार पुलिस के सामने बयान बदले, जिससे वह पुलिस के संदेह के दायरे में जकड़ चुका है।

# सीएस ने मिलावटखोरों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता) मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु आज सचिवालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए ठोस योजना तैयार कर मिलावटखोरों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। सीएस ने प्रदेश में टेस्टिंग लैब की संख्या बढ़ाने और इनके निर्माण में तेजी लाने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने हेतु सख्त कदम उठाए जाने के साथ ही मिलावट के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रयोग हो चुके खाद्य तेल से होने वाले नुकसान से दुकानदारों और आमजन दोनों को छोटी–छोटी वीडियोज के माध्यम से जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। सीएस ने कहा कि मिलावटखोरों की जानकारी देने वालों को रिवॉर्ड भी दिया जाना चाहिए ताकि लोग जानकारी देने को प्रोत्साहित हों। उन्होंने मिलावट से संबंधित सभी मामलों को फास्ट ट्रैक पर निपटाने के निर्देश देते हुए कहा कि मिलावट के गंभीर मामलों पर प्राथमिकता के साथ शीघ्र फैसला किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि नियमित जांच और कठोर कार्रवाई से ही खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी को रोका जा सकता है। उन्होंने इसके लिए ठोस एक्शन प्लान के साथ ही इसके कार्यान्वयन की टाइम लाइन निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड डॉ. आर. राजेश कुमार सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



# बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की मुलाकात

## विधायक ने लेफ्ट पाहा नहर कवरिंग को 3 किलोमीटर और बढाए जाने की मांग रखी

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि किच्छा शहर के अन्दर निर्माणधीन लेफ्ट पाहा नहर जिसका कवरिंग का कार्य चल रहा है उसकी लम्बाई बढाए जाने के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। बेहड़ ने कहा कि लेफ्ट पाहा नहर जिसकी कुल लम्बाई 4.5 किलोमीटर है जो किच्छा के मध्य में से होते हुए जनता इंटर कालेज के पास से होते हुए सिरौलीकलां होते हुए नैशनल हाईवे पर मिलती है, पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 108/2019 के तहत 1500 मीटर (1.5 किलोमीटर )लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग स्वीकृत की गयी थी जबकि शेष 3 किलोमीटर नहर कवरेज का कार्य मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल नहीं किया गया था। बेहड़ ने कहा कि इस सन्दर्भ में मैंने मुख्यमंत्री जी से घोषणा संख्या 108/2019 में संशोधन करते हुए बाकी शेष 3 किलोमीटर नहर कवरेज व सड़क को शामिल किये जाने की मांग की। मुख्यमंत्री के द्वारा अपनी घोषणा संख्या 108/2019 में संशोधित करते हुए बकाया 3 किलोमीटर नहर कवरेज व सड़क को शामिल करने के लिए सचिव घोषणा को निर्देशित किया गया ।बेहड़ ने कहा की 4. 5 किलोमीटर नहर कवरेज एंव साथ ही पूरी सड़क बनने से शहर के अन्दर से बरेली रोड जाने का रास्ता आसान हो जायेगा जबकि 1.5 किलोमीटर जो नहर कवरेज करायी जा रही है उसका ओचित्य भी तभी पूरा होगा जब पूरी नहर की कवरेज हो पायेगी। बेहड ने मुख्यमंत्री का पूरी नहर कवरेज बनाने को अपनी घोषणा में शामिल किये जाने पर उनका आभार जताया। बेहड ने कहा कि किच्छा विधानसभा में लगातार विकास कार्य जारी रहेंगे व शीघ्र ही किच्छा में 1 करोड़ की लागत से विधायक निधि से निर्मित कराए जा रहे किच्छा के तीनो एंट्री गेटों का शिलान्यास किया जायेगा। बेहड ने गोला नदी में छोड़े गए पानी जो किच्छा के अंदर गोला नदी का पानी आया है उसका भी मौका मुआयना किया।



# प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिताएं हुई शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयोजन सचिव एवं एसएसपी पंकज भट्ट के पर्यवेक्षण में जनपद नैनीताल की मेजबानी में गौलापार स्टेडियम में आज से 11 अगस्त तक 21वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय वाहिनी पुलिस तैराकी एव क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलेश आनंद भरणे (आई.पी.एस) पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा किया गया। आईजी एवं एसएसपी द्वारा जनपद से आये सभी टीम प्रबंधकों के साथ भेंट की गई। शुभारंभ के पश्चात सभी टीमों को आईजी द्वारा तैराकी प्रतियोगिता को खेल भावना से खेले जाने हेतु शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमें जनपद नैनीताल,अल्मोड़ा, बागेश्वर,





चमोली, चंपावत, देहरादून हरिद्वार, पिथौरागढ़, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी, उत्तरकाशी, ऊधम सिंह नगर, 31वीं वाहिनी पीएससी, 40 वीं वाहिनी पीएससी,46 वीं वाहिनी पीएससी, आईआरबी द्वितीय, एसडीआरएफ, जीआरपी द्वारा तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। तैराकी प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान डॉ0 जगदीश चन्द एस.पी. क्राइम/ ट्रैफिक, हरबंस सिंह एसपी सिटी, भूपेंद्र सिंह धोनी सीओ सिटी, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक, हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा एव प्रतियोगिता प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य मौजूद थे।

# सीसी सड़क और नाली निर्माण का मेयर ने किया शिलान्यास

रूद्रपु(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड नंबर 22 रम्पुरा में पार्षद पुष्पा देवी के प्रयासों से लक्ष्मण बाल्मीकि के घर से उमेश कोली के घर तक सी–सी–सड़क एवं दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल ने कहा कि सभी वार्डो में विकास काय बिना किसी भेदभाव के किये जा रहे है। विकास कार्यो में गुणवत्ता और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।



उन्होंने कहा कि जो वायदे उन्होंने जनता से किये थे उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। चुनाव के दौरान किये गये अधिकांश वायदों कों उन्होंने पूरा कर दिया है। विकास कार्य सिर्फ घोषणाओं में नही बल्कि धरातल पर भी नजर आ रहे हैं। मेयर ने कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें सेवा का अवसर दिया उन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। आगे भी विकास कार्यों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस दौरान मेयर को वार्ड के लोगों ने कई समस्याएं भी बताई। जिनका उन्होंने शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर के विकास के लिए कई सौगात दी हैं। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से शहर का कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि सीएम धामी ने शहर की सड़कों के निर्माण के लिए अलग से बजट देने की घोषणा की है। जिससे जल्द ही शहर की सड़कों को दुरूस्त किया जायेगा। इस दौरान वार्डवासियों ने सड़क और नाली निर्माण कराने पर मेयर रामपाल और पार्षद पुष्पा देवी का आभार व्यक्त करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवर दयाल गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशन कोली, पुर्व मंडल उपाध्यक्ष डॉ महेश कोली, पूर्व छात्रसंघ देवेश कुमार, डॉ गौतम मंडल,बिट्टू वाल्मीकि आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# एसएसपी ने जनपद के 24 दारोगाओं के किए स्थानांतरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी जनपद में कानून व्यवस्था को और पुख्ता करने के लूटे 24 दारोगाओं के स्थानांतरण किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा को थानाध्यक्ष भीमताल से वउनि द्वितीय थाना लालकुआँ, उनि वीरेन्द्र सिंह बिष्ट प्रभारी चौकी बैलपड़ाव से थानाध्यक्ष भीमताल,उनि अनीस अहमद वउनि थाना रामनगर से प्रभारी चौकी बैलपडाव, उनि महेश चन्द्र जोशी थानाध्यक्षमुक्तेश्वर से वउनि द्वितीय थाना रामनगर, उनि कमित जोशी प्रभारी चौकी लामाचौड़ से थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर, उनि सुनील गोस्वामी थाना मुखानी से प्रभारी चौकी लामाचौड़,उनि गगनदीप सिंह प्रभारी चौकी गर्जिया से थाना कालाढूंगी, उनि प्रकाश पोखरियाल प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव से प्रभारी चौकी गर्जिया, मउनि कुमकुम धानिक थाना हल्द्वानी से प्रभारी चौकी भोटिया पड़ाव, उनि दिनेश चन्द्र जोशी प्रभारी चौकी राजपुरा से एफएफयू हल्दानी, उनि सुशील चन्द्र जोशी पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी राजपुरा, उनि हरी राम प्रभारी चौकी मेडिकल से थाना बेतालघाट, उनि प्रवीण कुमार प्रभारी चौकी गन्ना सेन्टर से प्रभारी चौकी मेडिकल कालेज, उनि त्रिभुवन सिंह थाना लालकुआँ से प्रभारी चौकी गन्ना सेन्टर, मउनि बबीता थाना हल्द्वानी से थाना बनभूलपुरा, उनि धर्मेन्द्र कुमार प्रभारी चौकी हीरानगर से प्रभारी चौकी मंगोली, मउनि गुरविन्दर कौर प्रभारी चौकी बिन्दुखत्ता से थाना मुखानी, उनि गौरव जोशी थाना बेतालघाट से प्रभारी चौकी बिन्दुखत्ता, मउनि सिमरन थाना चोरगलिया से थाना भीमताल, उनि रविन्द्र सिंह प्रभारी चौकी ढैला से प्रभारी चौकी हीरानगर, उनि दीपक बिष्ट पुलिस लाईन से प्रभारी चौकी ढैला (रामनगर), मउनि बबीता मेहरा थाना मुखानी से थाना तल्लीताल, मउनि सुरभि राणा पुलिस लाईन से थाना चोरगलिया तथा उनि मौ. युनुस एफएफयू से वउनि प्रथम, थाना रामनगर स्थानांतरित किया गया है।

# सूखाताल क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय नैनीताल में माननीय उच्च न्यायालय में सूखाताल झील में अतिक्रमण, निर्माण कार्य, के सम्बन्ध में योजित पीआईएल पर दिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में वैटलैंड मैनेजमेंट पर गठित जिला स्तरीय तकनीकी समिति के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए विस्तृत रूप से जानकारी लेते हुए समीक्षा बैठक ली। समीक्षा के दौरान सचिव विकास प्राधिकरण, उपजिलाधिकारी नैनीताल, ईओ नगरपालिका, प्रभागीय वनाधिकारी ने सूखाताल झील संबंधी याचिका में माननीय न्यायालय द्वारा अब तक दिए गये आदेशों की जानकारी दी। डीएम ने प्रभागीय वनाधिकारी नोडल अधिकारी जिला स्तरीय तकनीकी समिति को निर्देश दिये हैं कि वन विभाग द्वारा जारी वैटलैंड सूची में जनपद नैनीताल के आर्द्रभूमि क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए वन एवम राजस्व भूमि में स्थित वैटलैंड की सूचना उपजिलाधिकारियों एवम सभी डीएफओ को विस्तृत सर्वे हेतु 16 अगस्त से पूर्व प्रेषित करें । सर्वे के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा उक्त आर्द्रभूमि का डिजिटल नक्शा भी तैयार करवाया जाए तथा प्रत्येक वैटलैंड क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची भी तैयार करवाई जाए ताकि अगली बैठक में सूची को अंतिम रूप देते हुए संपूर्ण सूचना राज्य स्तरीय तकनीकी समिति को प्रेषित की जा जा सके । इसके अलावा उन्होंने वैटलैंड मैनेजमेंट से संबंधित मानकों एवम नियमों, शासनादेश पत्रों को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही सचिव प्राधिकरण एव ईओ नगर पालिका को सूखाताल झील क्षेत्र में अतिक्रमण कारियों की डिटेल भी उपलब्ध करने के निर्देश दिए समीक्षा बैठक के दौरान डीएफओ चन्द्र शेखर जोशी, सचिव विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी राहुल साह, मुख्य कृषि अधिकारी बीके यादव, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि रत्नेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई अनिल कुमार वर्मा, ईओ नगरपालिका आलोक उनियाल के अलावा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भी हुआ आयोजन

महुआखेड़ागंज/काशीपुर (उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब महुआखेड़ागंज पहुँचकर अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर पहली बार महुआखेड़ागंज पहुँचने पर जनप्रतिनिधियों व आम जन ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। शिविर में अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने जनता की शिकायतें सुनी और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण शतप्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के निर्देश सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये। उन्होंने जनता को सरकार की योजनाएं बताई व उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सरकार पूरी ईमानदारी के साथ बिना भेदभाव के काम कर रही है ओर जनता की की गई, जिसमें लगभग 365 लोगों के रजिस्ट्रेशन किए गए तथा 60 लोग मोतियाबिंद के रोगी पाए गए तथा कुछ लोगों को व चश्मो के लिये फार्म भरवाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार ने की कार्यक्रम संयोजक हबीबुर्रहमान बबलू रहे।






कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभु नेत्र चिकित्सालय रुद्रपुर की ओर से महुआखेड़ागंज के अम्बेडकर पार्क में नि:शुल्क चिकित्सा तथा प्रशासन की ओर से बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके किया तथा मौके पर समाधान न हो सकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को लापरवाही से कार्य न करने की हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण किया जाये और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं का समस्याओं का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है। शिविर में एक दिव्यांग को ट्राई साइकिल दी गई। शिविर में समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग व पुनर्वास, श्रम विभाग, पटवारी, स्वास्थ्य विभाग आदि कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और शिविर में प्रभु नेत्र चिकित्सालय की ओर आंखों की जांच कार्यक्रम में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री उपेंद्र चौधरी पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हाफिजुर रहमान अंसारी, कमलेश कुमार, जगबीर राठी, संजीव कुमार, प्रीतम सिंह चौहान, कुलवंत सिंह चड्ढा, अमित कुमार, मुजफ्फर अली, नईम अहमद, इमरान मलिक, नसीम अहमद, सगीर अहमद, गुड्डू, मोहम्मद दानिश आदि मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने किया राजकीय उद्यान चौबटिया का निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता) ।आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत ने राजकीय उद्यान चौबटिया का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रजाति के सेब तथा अन्य फलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर चौबटिया उद्यान के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को फलोत्पादन से जोड़ने के निर्देश दिए।कुमाऊं कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में औद्यानिकी को बढ़ावा दिए जाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ही आज चौबटिया उद्यान का निरीक्षण किया जा रहा है।उन्होंने विभागीय अधिकारियों



को निर्देश दिए कि मिशन एप्पल के तहत अधिक से अधिक किसानों को बागवानी से जोड़ा जाए। उन्होंने जनपद के किसानों से भी अपील की है, कि वह अधिक से अधिक मिशन एप्पल से जुड़े तथा लाभ कमाएं।उन्होंने कहा कि चौबटिया उद्यान में पर्यटन की गतिविधियां बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे, तथा उद्यान में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न सुविधाओं का विकास करने हेतु सरकार से अनुमति हेतु पत्राचार भी किया जाएगा। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जय किशन, उपनिदेशक उद्यान नरेंद्र कुमार, मुख्य उद्यान अधिकारी सतीश शर्मा, अधीक्षक उद्यान बृजेश गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा प्रभावितों के लिये इंटर कॉलेज में रहने व खाने की व्यवस्था

हल्द्वानी(उद सवाददाता)। कलसिया नाले में आये उफान को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा इंटर कॉलेज काठगोदाम में आपदा प्रभावित लोगों के लिए आवासीय व्यवस्था की गई है। उप जिलाधिकारी हल्द्वानी मनीष कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे है। अद्यतन जानकारी के अनुसार एक दो मकान ढहने की जानकारी मिली है। प्रशासन द्वारा इंटर



कॉलेज में लोगों के रहने व खाने की व्यवस्था की गई है जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी में वहाँ लोगों को आवसीय व भोजन की सुविधा मिल सके। लेटेस्ट जानकारी के अनुसार उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि अभी लोगों को आगाह किया है तथा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए उनके नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# हत्या के मामले में भाजपा नेता सहित दो को उम्रकैद

## दोस्तों ने की थी युवा तेल व्यापारी की निर्मम हत्या

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वर्ष 2004 में युवा व्यापारी तरुण बिंदल की हत्या कर लूटपाट किए जाने के मामले में प्रथम अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश ने भाजपा नेता सहित दो दोषियों को आजीवन कारावास और एक-एक लाख व पन्द्रह-पन्द्रह हजार रुपये का अंर्थदंड देने की सजा सुनाई है। एडीजीसी दीपक अरोरा ने अदालत के समक्ष ग्यारह गवाह व फॉरेंसिक रिपोर्ट पेश की। दोनों पक्षों की जिरह सुनने,साक्ष्यों व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने अपना निर्णय सुनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी 2004 को गल्ला मंडी रुद्रपुर निवासी तेल कारोबारी किशन चंद्र बिंदल ने थाना बाजपुर में शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनका छोटा बेटा तरुण बिंदल तेल सप्लाई के पैसों की वसूली के लिए 21फरवरी 2004 की प्रात: रामनगर गया था और वापसी के दौरान बाजपुर इलाके में वसूली के लिए आना था। मगर देर रात तक वापिस घर नहीं लौटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवा व्यापारी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने 25फरवरी 2004 को दोराहे के पास मोहित कक्कड़ उर्फ मनी निवासी भगत सिंह चौक,मोहित कक्कड़ उर्फ विक्की निवासी कच्ची खमारियां किच्छा के अलावा एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपियों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई थी जिसका मुकदमा पुलिस ने दर्ज कराया था ।पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर युवा व्यापारी तरुण बिंदल का शव बरामद कर शिनाख्त की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों ने मिलकर तरुण की पहले गोली मारकर हत्या की और शव को बाजपुर दोराहे के पास ठिकाने लगाने के बाद नगदी से भरा बैग और सोने की चैन लूट ली थी जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर गदरपुर के पास से 36-36 हजार रुपये की नगदी व लूटे गए बैग जले हुए,उसकी चैन आदि बरामद की और हत्या में प्रयुक्त तमंचे व कारतूस भी बरामद किए थे। जिनका मृतक के शव के पास से मिले कारतूस के साथ मिलान हो गया था। मामले की सुनवाई प्रथम अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुशील तोमर की अदालत में शुरू हुई जहां एडीजीसी दीपक अरोरा ने अदालत के सामने ग्यारह गवाह और बैलेस्टिक रिपोर्ट पेश की। दोनों पक्षों की जिरह सुनने,साक्ष्यों व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने मोहित कक्कड़ उर्फ मनी और मोहित कक्कड़ उर्फ विक्की को आजीवन कारावास और एक एक लाख व पन्द्रह पन्द्रह हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई,साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से पचास पचास हजार रुपये वादी पक्ष को दिये जायें ।इधर नाबालिग होने के कारण तीसरे आरोपी के विरूद्ध किशोर न्यायालय में मुकदमा चला जिसमें वह बरी हो गया था।

# जलभराव से विधायक सुमित के आवास में नुकसान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारी बारिश के कारण नगर में जलभराव की विकराल परिस्थिति बहुत ही चिंतनीय हैं।विधायक सुमित हृदयेश ने जारी एक बयान में कहा है कि राज्य सरकार अपना काम बिल्कुल भी ठीक तरीके से नही कर रही है। रक्शिया और कलसियाँ नालों के उफान में आने से जागनाथ कालोनी, बद्रीपुरा क्षेत्र के साथ ही स्वयं उनके खुद के घर में जलभराव होने से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने शाशन-प्रशाशन को सख्त निर्देश दे दिए हैं कि हर परिस्थिति में जहाँ पर भी भारी नुकसान हुआ है वहाँ पर सत्यापन करके मुआवजा दे और जहाँ पर कार्य करके इस स्थिति में सुधार लाया जा सकता है वहाँ तुरंत सुधार लाया जाए। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा रक्शिया और कलसियाँ नालों के प्रस्ताव पूर्व में दे दिये गए है। परंतु आज तक सरकार द्वारा धरातल में कोई कार्य नही कराया गया है। राज्य सरकार को आम इंसान की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं हैं। जब तक इन दोनों नालों की निकासी के लिए एक ड्रेनेज प्लान नहीं बनाया जाएगा तब तक हल्द्वानी की स्थिति में सुधार नहीं होगा। विधायक सुमित ने कहा काठगोदाम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण जो मकान बह गए प्रभावित परिवारों को सरकार त्वरित मुआवजा दे और सुरक्षित स्थान पर उनका विस्थापन करे।

# बागेश्वर विस सीट पर पांच सितंबर को वोटिंग

देहरादून। उत्तराखंड की बागेश्वर विधान सभा के उपचुनाव लिए चुनाव आयोग ने मंगलवार को कार्यक्रम जारी कर दिया है। उपचुनाव की अधिसूचना 10 अगस्त को जारी की जाएगी। वहीं, पांच सितंबर को वोटिंग होगी। बता दें कि यह सीट पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन के बाद खाली हुई थी। 10 से 17 अगस्त के बीच नामांकन होगा। 21 अगस्त नाम वापसी की अंतिम तारीख। पांच सितंबर को वोटिंग और आठ सितंबर को मतगणना होगी। उपचुनाव में भाजपा सहानुभूति का कार्ड खेल सकती है। दास के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन होगा, इस पर लोगों की नजर टिकी है। सबसे पहले नंबर दास की पत्नी पार्वती दास का हो सकता है। भाजपा दिवंगत नेताओं की पत्नियों को महत्व देती रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण भाजपा के कद्दावर नेता प्रकाश पंत का है। उनके निधन पर उनकी पत्नी चंद्रा पंत को भाजपा ने टिकट दिया था। इस लिहाज से देखा जाए तो स्व. चंदन राम दास की पत्नी पार्वती दास उनकी उत्तराधिकारी हो सकती हैं। बहुत कुछ उनकी (पार्वती दास) इच्छा पर भी निर्भर रहेगा। बहरहाल दास का उत्तराधिकारी दास के ही परिवार से आने की संभावना जताई जा रही है। दास के पुत्र गौरव दास भी पिता की विरासत संभाल सकते हैं। विरासत की बात बहुत हद तक भाजपा संगठन के रुख पर निर्भर रहेगी।

# अशोक कुमार जोशी उधम सिंह नगर के नये एडीएम

## नरेश दुर्गापाल को मिली रूद्रपुर नगर आयुक्त की जिम्मेदारी

देहरादून (उद संवाददाता)। धामी सरकार ने एक और बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो आईएएस अफसर व 50 पीसीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है। शासन में अपर सचिव शहरी विकास पद पर तैनात नवनीत पांडेय को चंपावत के जिलाधिकारी बना दिया गया है। वहीं शासन ने कई जिलों के डिप्टी कलेक्टर भी इधर से उधर किए हैं। सचिव कार्मिक शैलेश बगौली ने इस संबंध में देर रात को आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेशों के मुताबिक, एडीएम हरिद्वार वीर सिंह बुदियाल को एडीएम रुद्रप्रयाग, एडीएम रुद्रप्रयाग की जिम्मेदारी संभाल रहे दीपेंद्र सिंह नेगी को एडीएम हरिद्वार, एडीएम नैनीताल अशोक कुमार जोशी को एडीएम ऊधमसिंह नगर, राजस्व परिषद देहरादून में संबंध किए गए शिवकुमार बरनवाल को एडीएम पिथौरागढ़, एडीएम पिथौरागढ़ फिंचाराम को एडीएम नैनीताल के पद पर स्थानांतरित किया गया है। बाध्य प्रतीक्षा में शामिल 15 पीसीएस अफसरों को डिप्टी कलेक्टर पद पर भेजा गया है। मुकेश चंद्र रमोला को उत्तरकाशी,अबरार अहमद को पौड़ी, विपिन चंद्र पंत को नैनीताल, नवाजिश खलीक को पौड़ी, शालिनी मौर्या को पौड़ी, मंजू को टिहरी, यशवीर सिंह को पिथौरागढ़, अमृता को ऊधम सिंह नगर, चंद्र शेखर को अल्मोड़ा, आशीष चंद्र घिल्डियाल को रूद्रप्रयाग, श्रेष्ठ गुनसोला व मंजीत सिंह गिल को पिथौरागढ़, सुनील कुमार को अल्मोड़ा, पूनम पंत को नैनीताल, नीलू चावला को देहरादून, अजय वीर सिंह को हरिद्वार, आकाश जोशी को चंपावत, गौरव पांडेय को ऊधमसिंह नगर, हर गिरी को देहरादून का डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है। रुद्रप्रयाग की डिप्टी कलेक्टर अपर्णा ढौंढियाल को देहरादून, नैनीताल के योगेश सिंह मेहरा को देहरादून, हरिद्वार से बृजेश कुमार तिवारी उत्तरकाशी, अल्मोड़ा से गोपाल सिंह चौहान को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर की सीमा विश्वकर्मा को अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ से अनुराग आर्य को बागेश्वर का डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है। नैनीताल में उत्तराखंड प्रशासन अकादमी में उपनिदेशक नंदन सिंह नगन्याल अल्मोड़ा के डिप्टी कलेक्टर पद पर भेजा गया है। डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार सिंह को नैनीताल से हरिद्वार, गौरव चटवाल को नैनीताल से ऊधमसिंह नगर, प्रमोद कुमार को पौड़ी से नैनीताल, लक्ष्मी राज चौहान को टिहरी से हरिद्वार, संदीप कुमार सिंह को पौड़ी से टिहरी, कृष्णनाथ गोस्वामी से टिहरी से नैनीताल, जितेंद्र वर्मा रूद्रप्रयाग से बागेश्वर, देवेंद्र सिंह टिहरी से रूद्रप्रयाग, प्रेमलाल टिहरी से हरिद्वार से शैलेंद्र सिंह नेगी को देहरादून से टिहरी, सौरभ असवाल को देहरादून से चंपावत,नूपुर को हरिद्वार से पौड़ी, जितेंद्र कुमार उत्तरकाशी से हरिद्वार डिप्टी कलेक्टर पद पर भेजे गए हैं। नरेश चंद दुर्गापाल को देहरादून डिप्टी कलेक्टर के पद से रुद्रपुर नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। सीडीओ ऊधम सिंह नगर विशाल मिश्रा से नगर निगम रुद्रपुर के नगर आयुक्त का प्रभार हटा दिया गया है। हरिद्वार के डिप्टी कलेक्टर पूरण सिंह राणा का तबादला सिडकुल देहरादून के जीएम पद पर किया गया है। डिप्टी कलेक्टर शिप्रा जोशी को अल्मोड़ा से नगर निगम रुद्रपुर के उपनगर आयुक्त के पद पर भेजा गया है। डिप्टी कलेक्टर पौड़ी मुक्ता मिश्र को शहरी विकास निदेशालय देहरादून में संयुक्त निदेशक बनाया गया है। मीनाक्षी पटवाल को डिप्टी कलेक्टर उत्तरकाशी से उपायुक्त भूमि व्यवस्था राजस्व परिषद देहरादून के पद पर भेजा गया है। डिप्टी कलेक्टर चंपावत अनिल कुमार चन्याल को पौड़ी भेजा गया है।

# महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में अनेक कार्य कर रही सरकारः धामी

## तीलू रौतेली और आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार की धनराशि 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार हुई
## उत्तराखंड की 14 वीरांगनाओं और 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार





2022-23 प्रदान किए। इस वर्ष 14 महिलाओं को राज्य स्त्री शक्ति तीलू रौतेली एवं 35 महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को 51-51 हजार रुपए की धनराशि उनके खाते में डिजिटल हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने तीलू रौतेली पुरस्कार की धनराशि 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार की है, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पुरस्कार की धनराशि 21 हजार से बढ़ाकर 51 हजार की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली मातृशक्ति को सम्मानित कर वे स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वीरांगना तीलू रौतेली को अपूर्व शौर्य, संकल्प, साहस की धनी और उत्तराखण्ड की झांसी की रानी कहकर याद किया जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति मजबूत करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी बहनों का मानदेय 7500 रुपए से बढ़ाकर 9300 किया गया है तो मिनी आंगनबाड़ी बहनों का मानदेय 4500 से बढ़ाकर 6250 और सहायिकाओं का मानदेय 3550 से 5250 किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण की दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। लखपति दीदी, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी, उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, शौचालयों का निर्माण, महिला स्वयं सहायता समूह के लिए विशेष कोष का गठन जैसे अनेक कार्य किये गये हैं। इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, विधायक श्री खजान दास, सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास श्री हरि चन्द्र सेमवाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मुक्केबाजी के अपने सपने को पूरा करने के लिए अपनी बोर्ड परीक्षा छोड़कर स्वीडन में स्वर्ण पदक जीतने वाली पिथौरागढ़ की निवेदिता कार्की और चीन में 20 किलोमीटर दौड़ स्पध र्ा में कांस्य जीतने वाली चमोली की मानसी नेगी सहित 14 वीरांगनाओं को तीलू रौतेली राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला। खेल दिव्यांग वर्ग में पैरा एथलीट अल्मोड़ा की गरिमा जोशी, राज्य स्तरीय पैरा खिलाड़ी बागेश्वर की मोहिनी कोरंगा, कला एवं योग के क्षेत्र में चंपावत की शांभवी मुरारी, पर्वतारोहण दिव्यांग वर्ग में देहरादून की अमीशा चौहान, खेल में ताइक्वांडो की राज्य स्तरीय खिलाड़ी हरिद्वार की दिव्या भारद्वाज, साहित्य, शिक्षा के क्षेत्र में काम पर नैनीताल की मंजू पांडे, महिला रोजगार के क्षेत्र में काम पर पौड़ी की नूतन पंत, खेल, पर्यावरण में रुद्रप्रयाग की प्रीति, खेल में टिहरी की हिमानी, खेल दिव्यांग वर्ग में ऊधमसिंह नगर की नीलिमा राय एवं साहसिक कार्य के क्षेत्र में उत्तरकाशी की ममता व नैनीता की कमला अरोड़ा को तीलू रौतेली पुरस्कार मिला।




## पात्र किसानों को दिलाएं ओटीएस योजना का लाभः रूचि शुक्ला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता रुचि



शुक्ला ने समितियों के सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि ओटीएस योजना के माध्यम से किसानों को अधि क से अधिक लाभ दिलाया जाए। श्रीमती शुक्ला किसान सेवा सहकारी समिति बगवाड़ा के सभागार कक्ष में समितियां के सचिवों की बैठक में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एकमुश्त योजना के अंतर्गत मृतक किसानों का ब्याज माफ किया जा रहा है। इसके लिए सभी समिति सचिव व कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर किसानों को इस योजना की जानकारी दें। जिन किसानों का निधन हो चुका है उनके परिजन परिजन इस योजना के तहत बिना ब्याज के मूल धन जमा कर सकते हैं। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि विकास खंड रुद्रपुर में मृतक किसानों की संख्या करीब 400 से अधिक है जिनका लगभग एक करोड़ 96 लाख ब्याज माफ किया जा सकता है। सम्बंधित लोग अपना मूलधन जमा कर दें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत समिति कर्मचारी अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ें ताकि उन्हें राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दीनदयाल योजना के अंतर्गत कृषकों को जीरो प्रतिशत पर लोन दिया जा रहा है ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस मौके पर प्रमोद कुमार, संजय चौहान, बृजेश कुमार, नितिन,शुभम चौध री, पंकज कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।



# जीवन सफल बनाना है तो हर क्षण को सुधारो:पंडित विजय

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के अष्टम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि भागवत की कथा सुनकर परीक्षित कृतार्थ हुए। मरण को सुधारने के लिए भागवत शास्त्र है जो जीवन को सुधारता है, मरण सुधारना है तो प्रत्येक क्षण को सुधारो, रोज सोचो विचारो और मन को बार बार समझाओ कि ईश्वर के बिना मेरा कोई नहीं है ,इस शरीर को भी मुझे एक दिन छोड़ना पड़ेगा। अत: यह भी मेरा नहीं है,जब शरीर ही मेरा नहीं है तो मेरा है ही कौन। एवं आज के प्रसाद की सेवा समाजसेवी विजय भुड्डी,जगदीश भुड्डी, किशन भुड्डी एवं डॉ ऋषि गुप्ता के परिवारों द्वारा दी गयी।








# भगवान शंकर की महिमा से गुंजायमान हुआ रम्पुरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रावण मास के चलते मोहल्ला रम्पुरा वार्ड बाईस में शिव भक्तों द्वारा आयोजित शिव विवाह और विशाल शिव जागरण में भजन गायक कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से भगवान शंकर की महिमा के किया गया। आयोजकों द्वारा उनका माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। श्री चुघ ने उपस्थित शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सावन मास में भगवान शंकर जी की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है। सभी शिव भक्तों पर भोले बाबा की कृपा सदैव बनी रहती है। आज शिव जागरण में जो भी शिव भक्त उपस्थित होकर शिव महिमा का गुणगान श्रवण करने के साथ ही स्वयं भी कर रहे हैं और जिन लोगों तक गुणगान की आवाज पहुंच ने भगवान शंकर की बारात का ऐसा भजन गाकर सुनाया जिसे सुनकर उपस्थित सभी शिव भक्त खुद को बाराती मानकर जयघोषो के साथ खुशी से नाचने लगे। सारा वातावरण शिव मय हो गया। जागरण के समापन पर प्रसाद





किए गए गुणगान से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम के अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने पंडित राकेश शास्त्री द्वारा किए गए मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर शिव जागरण का शुभारंभ देश के विभिन्न राज्यों से करोड़ों की संख्या में शिव भक्त कांवरिए हरिद्वार से पावन गंगाजल कलश में ग्रहण कर पैदल वापस गृहनगर पहुंचकर मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा कि रही है वह सभी पुण्य के भागीदार हैं। साथ ही जो भजन गायक कलाकार शिव महिमा का गुणगान कर रहे हैं वह भगवान शिव की कृपा के विशेष पात्र हैं। जागरण के दौरान गायक कलाकारों आलोक श्रीवास्तव व करन कपूर आदि वितरित किया गया। इस मौके पर राज कोली, सुनील चुघ, आकाश कोली, सतीश कोली, दीपक कोली, सुनील कोली, सोनू कोली, विशाल दिवाकर, रोहित कोली, हरप्रासाद कोली, पारुल ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त मौजूद थे।

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवक को जंगल ले जाकर पीछे से उस पर चाकू से हमला कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को श्रीमती मोहनी देवी पत्नी स्वर्गीय महेश चंद्र निवासी हरिपुर शिवदत्त, हल्द्वानी द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई कि 5 अगस्त को उसके पुत्र कृष्ण कुमार को गांव का ही रहने वाला ललित गुसाई घर से पीछे जंगल की ओर ले गया। रात के समय करीब 8:00 बजे ललित गुसाई द्वारा जान से मारने की नीयत से उसके बेटे को पीछे से चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चाकू लगने से बेटे कृष्ण कुमार की गर्दन में गंभीर चोट आई जिसे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुन्नी देवी की



तहरीर पर पुलिस ने ललित गुसाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। विवेचना उनि गुलाब सिंह कंबोज प्रभारी चौकी मंडी के सुपुर्द हुई। फरार अभियुक्त ललित गुसाई पुत्र स्वर्गीय तेजपाल गोसाई को यह आखिर मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा हेड़ागज्जर से रामपुर रोड को जाने वाली सड़क पर गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून से सना हुआ चाकू भी हेड़ा गंज्जर जंगल से बरामद कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक गुलाब सिंह कंबोज चौकी प्रभारी मंडी व कांस्टेबल अरुण राठौर शामिल थे।

# महंगाई के खिलाफ निकाली सरकार के पुतले की शव यात्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में देहरादून कांग्रेस मुख्यालय से महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में भाजपा सरकार के पुतले की शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा सरकार मुर्दाबाद बढ़ती



महंगाई बंद करो बंद करो बंद करो आदि नारे लगा रही थी इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, अलका पाल, आशा मनोरमा डोवरियाल शर्मा, खष्टी बिष्ट,पायल,रेखा सोनकर, मोनिका ढाली,जानकी कोली,सावित्री सनवाल,नजमा बाजी, बीना जोशी, पूजा सिंह, अंशुल त्यागी, सुनीता कश्यप, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# कमिश्नर ने आवासीय निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मजखाली में एक्सोल्टर बिल्डर द्वारा किए जा रहे आवासीय निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नियमानुसार आवासीय कॉम्प्लेक्स में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) संचालित न होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट को इसकी



पूरी जांच कर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि मजखाली क्षेत्र में किए जा रहे निजी अपार्टमेंट निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसमे नाप भूमि, बेनाप भूमि तथा वन भूमि संबंधी सभी जानकारी हो तथा यह देखा जाए कि निर्माणकार्य नियमानुसार किए जा रहे है या नहीं। साथ ही अपार्टमेंट स्वामियों समेत खरीददारों की भी सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की जाए। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जय किशन, तहसीलदार हेमंत मेहरा समेत अन्य उपस्थित रहे।

# छोटी जोत के किसानों को रेरा से मुक्त करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।छोटी जोत के किसानों को रेरा से मुक्त किए जाने की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू की अगुवाई में किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि जिलाधिकारी द्वारा हल्द्वानी रामनगर




की भूमि में 500 वर्ग मीटर भूमि से अधिक रजिस्ट्री पर रैरा का प्रावधान लागू किया जा रहा है। जिससे भावर क्षेत्र में छोटी-छोटी जोत के किसान हैं। जिनके पास 8 बीघा से 15 बीघा तक तक ही जमीन रहती है तथा जमीन की चौड़ाई 40 फीट से 50 फीट के बीच रहती है। ऐसी स्थिति में रैरा के मानको का पालन किया जाना संभव नहीं है। अधिकतर किसान कम पढ़े लिखे हैं। जमीन सम्बन्धी या रैरा सम्बन्धी जानकारी किसान के पास नही होती।

# टमाटर 200 रूपये किलो के पार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इन दिनों आम जनता महंगाई की मार से परेशान है। टमाटर के दाम लोगों को परेशान कर रहे हैं। बाजार में कभी 30 से 40 रुपये किलो आसानी से मिलने वाला टमाटर इन दिनों तकरीबन 200 रुपये के पार पहुंच चुका है। महंगाई से बचने के लिए गृहणियों से लेकर होटल व्यवसायियों ने नया तरीका ढूंढ़ लिया है। बाजार से महंगा टमाटर खरीदने के बजाय टमाटर प्यूरी, टमाटर कैचअप खरीदकर स्वाद बरकरार रख रहे हैं। जो चटनी से लेकर सब्जी में नया स्वाद का तड़का टमाटर से स्वाद से जोड़े रखना चाह रहे हैं। बाजार में टमाटर प्यूरी 850 ग्राम का बक्स 90-110 व 100 से 150 रुपये तक एक किलो का कैचअप मिल रहा है। स्थिति यह है कि अब आमजन भी ठेली पर टमाटर बेचने वालों को टमाटर प्यूरी लाने की मांग कर रहे हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 4 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र 3 में पंजीकृत गर्भवती/धात्री महिलाओं तथा बच्चों के लिए मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती आनंदी देवी ने बताया कि बाल विकास योजना के अंतर्गत चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र तीन में मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र में पंजीकृत गर्भवती/धात्री एवं बच्चों को एनम सीमा शाह द्वारा टीकाकरण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस मौके पर आशा कार्यकर्ती हेमा बिष्ट, पार्वती ,संगीता सहित अन्य महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे ।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकियों की गतिविधियां

हाल ही में पुलिस ने कुलगाम से चलने वाले आतंकी भर्ती अभियान का पर्दाफाश किया था। उस समय एक शोधकर्ता के साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वे कश्मीरी युवाओं को पैसे का लालच देकर आतंकवादी बनाते थे। कुलगाम की इस घटना को दरअसल आतंकवाद के जाल की एक कड़ी भर माना जा सकता है। इस तरह की गतिविधियां आतंकी संगठन उस समूचे इलाके में चलाते रहते हैं। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन जवानों की शहादत ने फिर यही दर्शाया है कि इस इलाके में आतंकवाद की जड़ें अभी गहरी हैं और उसके सफाए के लिए सरकार को सख्ती बढ़ानी होगी। शुक्रवार को कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टेंट पर गोलीबारी की थी। इसके बाद जब सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की, तब मुठभेड़ ने गंभीर शक्ल अख्तियार कर ली। इसमें इलाके की जटिलता की वजह से आतंकियों की ओर से की गई गोलीबारी में सुरक्षा बलों के तीन जवान घायल हो गए। बाद में उनका जीवन नहीं बचाया जा सका। खबरों के मुताबिक, हमलावर आतंकी पीर पंजाल क्षेत्र से घुसपैठ करके आए थे। मुठभेड़ के बाद भाग गए आतंकियों की तलाश के लिए अभियान में ड्रोन की भी मदद ली गई, लेकिन इससे यही जाहिर होता है कि कश्मीर में सरकार की ओर से आतंकवाद को खत्म करने के लिए चलाए गए तमाम अभियानों और काफी हद तक मिली कामयाबियों के बावजूद आज भी वहां आतंकी संगठनों के पांव पूरी तरह उखाड़े नहीं जा सके हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में सुरक्षा बलों के कई जवानों को जान गंवानी पड़ी है। हालांकि इस बीच कई स्तरों पर अपने अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है और अचानक मुठभेड़ की स्थिति पैदा होने पर खासी संख्या में आतंकवादी भी मारे गए। एक रपट के मुताबिक, अकेले इस साल की शुरुआत से लेकर पांच जुलाई तक चले चौबीस से ज्यादा अभियानों में कम से कम सत्ताईस आतंकी मारे गए। इसमें आठ स्थानीय और उन्नीस विदेशी आतंकी थे। पिछले साल भी सवा सौ आतंकियों को मार गिराया गया था। शायद इसी हताशा और निराशा में आतंकी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हमले की कोशिश करते रहते हैं। मगर मारे गए आतंकियों की पहचान के आधार पर यह साफ होता है कि कश्मीर में आतंकवाद की समस्या अगर अब भी बनी हुई है, तो इसके पीछे विदेशी तत्त्वों का हाथ है। हालांकि यह छिपा नहीं है कि भारत में घुसपैठ से लेकर आतंकी हमले में जिन संगठनों का हाथ रहा है, वे पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते रहे हैं। मगर इस मसले पर अक्सर फजीहत होने और कठघरे में खड़ा होने के बावजूद पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आता। गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस ने कुलगाम से चलने वाले आतंकी भर्ती अभियान का पर्दाफाश किया था। उस समय एक शोधकर्ता के साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वे कश्मीरी युवाओं को पैसे का लालच देकर आतंकवादी बनाते थे। कुलगाम की इस घटना को दरअसल आतंकवाद के जाल की एक कड़ी भर माना जा सकता है। इस तरह की गतिविधियां आतंकी संगठन उस समूचे इलाके में चलाते रहते हैं। मसले की ठीक समझ न रखने वाले कुछ भोले-भाले लोग उनके जाल में फंस भी जाते हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बलों को वहां के नागरिकों में भरोसा बहाल करने में कामयाबी भी मिली है और ऐसे तमाम मामले सामने आए हैं, जिनमें स्थानीय लोगों ने आतंकियों का साथ देने से इनकार किया। लेकिन पाकिस्तान की सीमा से लगे इस राज्य में कई स्तरों पर एक साथ काम करने की जरूरत है। घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए हर तरह की सख्ती बरती जाए, वहीं स्थानीय लोगों में भरोसा पैदा कर उनका सक्रिय सहयोग लिया जाए, ताकि आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जा सकें।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# आतंक और हिंसा से जुड़े रोहिंग्याओं के तार

मणिपुर और हरियाणा समेत देश के अनेक क्षेत्रों में रोहिंग्या मुस्लिमों का आतंक और हिंसा से जुड़े होने के स्पश्ट प्रमाण मिल चुके हैं। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है, बावजूद तथाकथित मानवतावादी इन अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। मणिपुर के बाद हरियाणा के मुस्लिम बहुल क्षेत्र मेवात तक हिंसा, आगजनी और हत्या की जो घटनाएं सामने आ रही हैं, उनमें रोहिंग्या कनेक्षन सामने आया है। म्यांमार से आए कुकी समुदाय का साथ देने के लिए बड़ी संख्या में रोहिंग्या भारत आए थे। मणिपुर ही नहीं पशिचम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में रोहिंग्या बस्तियां अस्तित्व में आ चुकी हैं। बैंग्लुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट का सबब बनी हुई है। धारा-370 हटने से पहले जम्मू-कश्मीर सरकार ने तो इन्हें यहां की धरती पर बसने के वैधता के प्रमाण-पत्र भी दे दिए थे। हरियाणा में नूंह की हिंसा के बाद इनकी अवैध बस्तियों पर बुलडोजर भी चलाया जा रहा है। इस हिंसा में अंतरराश्ट्रीय शड्यंत्र होने के प्रमाण भी मिले हैं। 27 जुलाई को इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने हिंदी में एक ट्विट कर देश के सद्भाव को बिगाड़ने के लिए बारूद का काम किया। यह भारत विरोधी संगठन है, इसे संरक्षण अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस दे रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के प्रयास में भी सोरोस कई संगठनों को आर्थिक मदद कर रहे हैं। अलबत्ता मणिपुर से हरियाणा तक की हिंसा में रोहिंग्याओं की लिप्तता के संकेत मिल रहे हैं, इसलिए इस हकीकत पर पर्दा डालने की दृश्टि से 'रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव' ने 18 अगस्त को भारत में इनकी सुरक्षा को लेकर एक बैठक बुलाई है। जबकि रोहिंग्या युवकों के हिंसा में शामिल होने के आरोप में अनेक प्राथमिकियां थानों में दर्ज है। भारत को अस्थिर करने के लिए तथाकथित विदेशी ताकतें रोहिंग्याओं को औजार बनाने का काम कर रही हैं। म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे हैं। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई है, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। भारत में इनको लेकर कई दिक्कतें पेश आ रही हैं। देश में इनकी मौजूदगी से एक तो आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, दूसरे इनके तार आतंकियों से भी जुड़े पाए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। नतीजतन देश में कानून व्यवस्था की चुनौती खड़ी हो रही है। अलबत्ता कुछ लोग और संगठन ऐसे भी हैं, जो इन्हें भारत के मूल निवासी बनाने के दस्तावेज बनवाने में लगे हैं। जबकि बांग्लादेश के घुसपैठिए पहले से ही मुसीबत बने हुए हैं। रोहिंग्याओं ने कमोबेश यही स्थिति बांग्लादेश में बनाई हुई है। ये स्थानीय संसाधनों पर लगातार काबिज होते जा रहे हैं। भारत में गैरकानूनी ढंग से घुसे रोहिंग्या किस हद तक खतरनाक साबित हो रहे हैं, इसका खुलासा अनेक रिपोर्टों में हो चुका है, बावजूद भारत के कथित मानवाधिकारवादी इनके बचाव में बार-बार आगे आ जाते हैं। जबकि दुनिया के सबसे बड़े और प्रमुख मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि म्यांमार से पलायन कर भारत में शरणार्थी बने रोहिंग्या मुसलमानों में से अनेक ऐसे हो सकते हैं, जिन्होंने म्यांमार के अशांत रखाइन प्रांत में हिंदुओं का नरसंहार किया है? रोहिंग्याओं ने 25 अगस्त 2017 को इस प्रांत के दो ग्रामों में 99 हिंदुओं की निर्मम हत्या कर उन्हें धरती में दफन कर दिया था। रोहिंग्या आतंकियों ने अगस्त 2017 में रखाइन में पुलिस चौकियों के साथ म्यांमार के गैर मुस्लिम बौद्ध और हिंदुओं पर कई जानलेवा हमले किए थे। इस हमले में हजारों बौद्ध और हिंदू मारे गए थे। नतीजतन म्यांमार सेना ने व्यापक स्तर पर आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके परिणाम स्वरूप करीब 15 लाख से ज्यादा रोहिंग्याओं को पलायन करना पड़ा। इनमें से 40,000 से भी ज्यादा भारत में घुसपैठ करके शरण पाने में सफल हो गए, शेश बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, थाईलैंड और नेपाल चले गए थे। मुस्लिम देश होने के बावजूद इंडोनेशिया इनके आपराधिक चरित्र से परेशान है, अतएव वह इन्हें निकालने में लगा है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना कह रही हैं कि हमारे यहां अधिकांश रोहिंग्या ड्रग एवं महिला तस्करी जैसे अपराधों में लिप्त है। जो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। बांग्लादेश में 10.10 लाख रोहिंग्या संकट का सबब बने हुए है। थाईलैंड में 92 हजार रोहिंग्याओं ने शरण ली हुई है। इनमें से 13 हजार को वापस भेजा जा चुका है। भारत की सख्ती के चलते कुछ रोहिंग्या घुसपैठ में असफल होकर नेपाल चले गए हैं। यहां इन्हें जिहादी गुटों से आतंक को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आर्थिक मदद मिल रही है। पाकिस्तान में भी करीब ढाई लाख रोहिंग्या पहुंचे हैं। इनमें से ज्यादातर को आतंकवाद का प्रशिक्षण देकर बांग्लादेश की सीमा से भारत में टुकड़ियों में प्रवेश करा दिया जाता है। हैरानी होती है कि इन घुसपैठियों को कुछ लोग एवं गिरोह भारत की नागरिकता का आधार बनाने के लिए मतदाता पहचान-पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी बनवाकर दे रहे हैं। जिससे इन्हें भारत के नगरों में बसने में कोई परेशानी न हो। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने 2021 में ही रोहिंग्या मुसलमानों को देश में नहीं रहने देने की नीति पर शीर्श अदालत में एक हलफनामा देकर साफ किया था कि रोहिंग्या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हैं। ये अपने साथियों के लिए फर्जी पैन कार्ड, वोटर आईडी और आधार कार्ड उपलब्ध करा रहे हैं। कुछ रोहिंग्या मानव तस्करी में भी लिप्त हैं। इन पर इंसानी मांस खाने के भी आरोप हैं। मांस खाते हुए ये यूट्यूब पर देखे जा सकते हैं। देश में करीब 40,000 रोहिंग्या रहे रहे हैं, जो सुरक्षा में सेंध लगाने का काम कर रहे हैं। इनमें से कई आतंकवाद में लिप्त हैं। इनके पाकिस्तान और आतंकी संगठन आईएस और पीएफआई से भी संबंध हैं। ये संगठन देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। देश में जो बौद्ध धर्मावलंबी हजारों साल से शांतिपूर्वक रह रहे हैं, उनके लिए भी ये हिंसा का सबब बन सकते हैं। 2015 में बोधगया में हुए बम विस्फोट में पाकिस्तान स्थित आंतकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने रोहिंग्या मुस्लिमों को आर्थिक मदद व विस्फोटक सामग्री देकर घटना को अंजाम दिया था। वैसे भी भारत के किसी भी हिस्से में रहने व बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को हैं, घुसपैठियों को नहीं। किसी भी पीड़ित समुदाय के प्रति उदारता मानवीय धर्म है, लेकिन जब घुसपैठिए देश की सुरक्षा और मूल भारतीय समुदायों के लिए ही संकट बन जाएं, तो उन्हें खदेड़ा जाना ही बेहतर है। संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, कि सभी राज्यों को रोहिंग्या समेत सभी अवैध शरणार्थियों को वापस भेजने का निर्देश दिया है। सुरक्षा खतरों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आशंका जताई गई है कि जम्मू के बाद सबसे ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थी हैदराबाद में रहते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें जम्मू-कश्मीर में रह रहे म्यांमार के करीब 15,000 रोहिंग्या मुसलमानों की पहचान करके उन्हें अपने देश वापस भेजने के तरीके तलाश रही है। रोहिंग्या मुसलमान ज्यादातर जम्मू और सांबा जिलों में रह रहे हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में 3800 रोहिंग्याओं के रहने की पहचान हुई है। ये लोग म्यांमार से भारत-बांग्लादेश सीमा, भारत-म्यांमार सीमा या फिर बंगाल की खाड़ी पार करके अवैध तरीके से भारत आए हैं। आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के अलावा असम, पश्चिम बंगाल, केरल और उत्तर प्रदेश में कुल मिलाकर लगभग 40,000 रोहिंग्या भारत में रह रहे हैं। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा प्रांत है, जहां इन रोहिंग्या मुस्लिमों को वैध नागरिक बनाने के उपाय तत्कालीन महबूबा मुफ्ती सरकार द्वारा किए गए थे। इसलिए अलगाववादी इनके समर्थन में उतर आए थे। इसी प्रेरणा से श्रीनगर, जबलपुर और लखनऊ में इनके पक्ष में प्रदर्शन भी हुए थे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत शपथ-पत्र में साफ कहा है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत देश में कहीं भी आने-जाने, बसने जैसे मूलभूत अधिकार नहीं दिए जा सकते। ये अधिकार सिर्फ देश के नागरिकों को ही प्राप्त हैं। इन अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर रोहिंग्या सुप्रीम कोर्ट में गुहार भी नहीं लगा सकते, क्योंकि वे इसके दायरे में नहीं आते हैं। जो व्यक्ति देश का नागरिक नहीं है, वह या उसके हिमायती देश की अदालत से शरण कैसे मांग सकता है? बावजूद देश में इनकी आमद बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रोहिंग्या मुसलमानों के मुद्दे के सामाधान के लिए भारत की ओर ताक रही हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या के हल के लिए भारत एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। बांग्लादेश में रह रहे 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थी देश के लिए भारी बोझ के साथ एक चुनौती के रूप में भी पेश आ रहे हैं। भारत के साथ मिलकर शेख हसीना इस समस्या का समाधान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बात करके इनके मूल देश म्यांमार में वापसी की राह खोज रही हैं। लेकिन यहां सोचने की बात है कि जो भारत, देश में घुसे 40 हजार रोहिंग्याओं की समस्या का निदान नहीं कर पा रहा है, वह बांग्लादेश के 10.10 लाख रोहिंग्याओं का हल कैसे निकाले? अब जो संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी अंतरराष्ट्रीय विवादों के हल के लिए बड़ी संस्थाएं थीं, वह भी पिछले एक दशक से अप्रासंगिक नजर आ रही हैं। इस सांस्था के पास सलाह देने के अलावा कोई उपाय नहीं बचा है। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र का चाहे रूस और यूक्रेन के युद्ध से जुड़ा विवाद हो अथवा चीन का हिंद महासागर में बेजा दखल, कोई हस्तक्षेप अब तक दिखाई नहीं दिया है। बहरहाल भारत और बांग्लादेश को रोहिंग्याओं को इनके मूल देश में भेजने के खुद ही कठोर उपाय करने होंगे।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम नारायणपुर में अगस्त क्रांति दिवस के सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद पंडित गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में तराई के जंगलों को आबाद करने में विशेष भूमिका निभाई तथा इसके विकास की बुनियाद रखी, उन्होंने कार्यक्रम संयोजक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की मांग पर सेनानी स्मारक नारायणपुर पर 100 फुट से ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने का प्रस्ताव आगणन सहित बनाकर शासन को भेजने की बात कहीं। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अपने विधायक रहते इस क्षेत्र के तमाम ग्राम में सन 1949 में बसाए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में यह स्मारक बनाया ताकि आने वाली पीढ़ियां इस स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा ले, उन्होंने वर्तमान पीढ़ी के युवाओं से आह्वान किया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए भ्रष्टाचार, गरीबी, अशिक्षा, नक्सलवाद व आतंकवाद के विरुद्ध एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर एक होकर खड़े हो। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रथम पीढ़ी के पांच बुजुर्गों डी एन मिश्रा, जय गोविंद माणिक, दुख हरण सिंह, टेंगरी यादव व बिशन सिंह परिहार एवं लोकतंत्र सेनानी कृष्ण लाल नारंग को मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया तथा सेनानी स्मारक पर उसे पुष्प चक्र अर्पित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी भरत मिश्रा, हरिद्वार शुक्ला, विजेंद्र चौधरी, सत्य सुकृत गुप्ता, सत्यदेव गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, प्रभुनाथ वर्मा, विजय गुप्ता, जय गोविंद मणिक, दीपक मिश्रा, गुरुशरण मणिक, रामेश्वर जायसवाल, शुभाशीष बिष्ट, इंदर सिंह मेहरा, दीपक परिहार, प्रताप धानक, भोपाल सिंह रावत, दिग्विजय खाती, बिशन सिंह मेहरा, संजय फर्त्याल, अजीत पाठक, हिमांशु शुक्ला, संजीव पांडे, ऋषिकेश सिंह, राजेश तिवारी, प्रेम श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शाही, सुधीर शाही, नारायण पाठक, शिवकुमार यादव, वीरेंद्र यादव, चंद्र प्रताप सिंह, जसवंत सिंह, बंटी खुराना, राज गगनेजा, नरेंद्र ठकराल, राजेश कश्यप, इकबाल अहमद, बब्बू वर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, मयंक तिवारी, अजय तिवारी, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, मुन्ना तिवारी, अजय यादव, संतोष यादव, वीरेंद्र यादव, इफ्तिखार मियां, बिजेंद्र यादव, मनोज पांडे, ऋषिकेश सिंह, नवल किशोर तिवारी, त्रिभुवन सिंह, नवल किशोर तिवारी, आनंद तिवारी, श्रीकांत सिंह, जसवंत सिंह, अरुण, रवि मणि, जगत नारायण साही, शिवेंद्र साही, बृजेंद्र शाही, सुनील सिंह, दिनेश सिंह, गजाधर मिश्रा, मयंक तिवारी, अंकित सिंह, अंकुर सिंह, मारकंडे मिश्रा, दुखहरण सिंह, चंद्र विजय सागर, सुनील तिवारी, सुधीर प्रताप सिंह, जयराम सिंह, दीपक मिश्रा, राजेश मिश्रा, आलोक मिश्रा, सुरेश शाही, हरिशंकर सिंह, नितिन साही, अभिजीत पाठक, पुष्पेंद्र पाठक, अभिषेक पाठक, रमेश पाठक, रविंद्र पाठक, संजय पाठक, प्रभात मिश्रा, सुभाष मिश्रा, विरेंद्र कुमार सिंह, बृज किशोर दुबे, नारायण पाठक, शशि कांत शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, श्री कृष्ण, कैलाश सिंह, नरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, बाबूलाल यादव, मनमोहन सक्सेना, मुकेश कोली, गोल्डी गोराया, राजेश कोली, अनिल यादव, पिंकी डिमरी, दीपा राय, जय प्रकाश श्रीवास्तव, टीकम कोरंगा, शेखर कोरंगा, सुभाष जोशी, मोहन सिंह कोरंगा, हरि सिंह कार्की, लाल सिंह टाकुली, प्रेम सिंह दानू, कल्याण सिंह रौतेला, अखिलेश यादव, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# शक्तिफार्म क्षेत्र के कई गांव में बारिश का कहर

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बीते दिनों से लगातार हो रही मूसलाधर बारिश से शक्तिफार्म के अधिकांश क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात हैं। शक्तिफार्म के सुरेंद्र नगर,रुद्पुर,अरविन्द नगर के 7,8 और 9 नंबर अत्याधिक प्रभावित हुआ। शक्तिफार्म क्षेत्र में बहने वाली सूखी नदी, सुरेंद्र नगर गांव के कास्तकारों की उपजाऊ भूमि लील गई। सूखी नदी के उफान पर आने से शक्तिफार्म के रुदपुर, सुरेंद्र नगर गांव अधिक प्रभावित होता है। मूसलाधार बारिश के बाद अरविन्द नगर के 7,8,और 9 नंबर के सैकड़ों घर जलमग्न हो गये बीती रात्रि अत्याधिक बरसात के बाद वैगुल का जलस्तर बढ़ गया। जलस्तर बढ़ने से अरविन्द नगर के 7,8,और 9 के अधिकांश घर जलमग्न हो गया। सूचना पर जिला प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम ने 100 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया। प्रशासन ने रेस्क्यू किये लोगो को अन्य स्थानों में ठहराकर की खाने-पीने की व्यावस्था की।अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने कहा रेस्क्यू अभियान जारी है। इधर किसानों के फसल नष्ट होने से उनके माथे में चिंता की लहर दौड़ गयी। बाढ़ग्रस्त ग्रामीण खौफ के छाये में जीने को हुये मजबूर हैं। दहशत के चलते रात भर ग्रामीण सो नहीं सके।





# जलभराव में फंसे कर्मचारी को सुरक्षित बाहर निकाला

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बीती रात्रि मूसलाधार बरसात में ट्रंचिंग ग्राउंड में ड्यूटी के दौरान जलभराव के कारण पानी में फंस गए नगर पंचायत के कर्मचारी को पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव को सूचना दी कि डैम के किनारे ट्रेंचिंग ग्राउंड में बंगाली कॉलोनी निवासी विश्वजीत राय पुत्र विमल



हीरा डयूटी में था। बरसात होने से जलभराव के कारण वह फंस गया। सूचना पर पुलिस की टीम आपदा राहत सामग्री के साथ मौके पर पहुंची। जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने अभियान चलाया बड़ी मशक्कत के बाद लाइव जैकेट और रस्सों की मदद से सकुशल नगर पंचायत के कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस के सराहनीय कार्य को देखते हुए चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसआई लक्ष्मण दत्त जोशी, प्रकाश आर्य, महेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# विभिन्न संगठनों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)। बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने रानीखेत रोड पर केंद्र एवं राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आज देश का किसान आंदोलन की राह पर है लेकिन सरकार कोई सुध नहीं ले रही है उन्होंने कहा कि पूर्व में चले किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने तीन काले कानून वापस दिए थे लेकिन किसानों को एमएसपी का लाभ एवं अन्य मांगे पूरी करने का भरोसा दिया था लेकिन




आज तक ऐसा नहीं हुआ है जिसको लेकर फिर से किसान आंदोलन की राह पर है तो वहीं उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी आज किसान पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। प्रदेश में मंडिया ना होने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो रही है तो वहीं उन्होंने कहा कि सरकार लैंड जिहाद के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर नफरत फैलाने का भी काम कर रही है उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी के साथ ही सड़क स्वास्थ्य शिक्षा को लेकर प्रदेश की जनता परेशान है उन्होंने कहा कि सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ ही किए गए वादों को पूरा करें अन्यथा सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत किया मिट्टी का एकत्रीकरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन करके स्कूल परिसर के अलावा विभिन्न स्थानों से कलश में मिट्टी एकत्र की । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. किरण पांडे ने बताया कि आजादी के महोत्सव के उपलक्ष में सरकार द्वारा आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर से मिट्टी



एकत्र करने का अभियान चलाया गया ताकि अपने देश की मिट्टी को एकत्र करके जो मिशन चलाया जा रहा है उसे सफल किया जा सके । इस मौके पर वरिष्ठ सहायक मुकेश भंडारी, मुकेश कुमार,सीताराम चौहान, जयपाल शर्मा,अशोक बांगा, दीपेश जोशी,अरुण कुमार, अमित कुमार,राजकुमार,विकी के अलावा एकता स्वयं सहायता समूह की सीता मदान,सीमा रस्तोगी,खुशी,ज्योति,निर्मला, नमना सैनी, शिक्षिका नंदिनी शर्मा, कुसुमलता, उर्वशी गंगवार, रश्मि आर्या ,नीरज जोशी ,निधि पनेरू ,ललिता विष्ट,नीमा गुरौ, तारा जोशी, दीप्ति वर्मा, कुमारी कमलेश कुमारी, निशा टम्टा आदि मौजूद रहे ।

# चोरी की योजना बनाते दो शातिर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। सुनसान स्थान पर चोरी की योजना बनाते दो शातिर चोरों को पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से एक-एक चाकू बराबद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार चोरों को पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय के पीछे सुनसान स्थान पर झाड़ियों के करीब संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रहे दो युवकों को शक के आधार पर घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम हजरत नगर काली बस्ती निवासी मोदीम पुत्र यासीन तथा मोहल्ला नत्था सिंह वार्ड नंबर 3 तकिया वाली मस्जिद के पीछे जसपुर निवासी मोहम्मद वसीम पुत्र शाहिद हुसैन बताया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने पकड़े गए चोरों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# अग्रवाल सभा के महामंत्री कुशल की पत्नी का निधन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अग्रवाल महासभा नगर इकाई के महामंत्री कुशल अग्रवाल की धर्मपत्नी सुचि अग्रवाल का आज प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही अग्र समाज के साथ ही नगरवासियों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। भारी संख्या में लोगों ने कुशल अग्रवाल के ओमेक्स कालोनी स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। स्व. सुची अग्रवाल के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए गढ़गंगा के लिए ले जाया गया। जहां परिजनों के साथ ही अग्र समाज के कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजली देते हुए अंतिम विदाई दी।

## पेज एक का शेष...

**खाई में गिरे दो वाहन...**लाई और जिला पुलिस के सुपर्द किया। चौथे लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। दूसरी घटना मसूरी स्थित धनोल्टी मार्ग पर कफलानी के पास हुई। यहां भी कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में मां और मौसा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक देहरादून से उत्तरकाशी जा रही एक कार देर शाम सुवाखोली-मसराना कफलानी के पास अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने सबसे पहले गंभीर घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घायल 26 वर्षीय मयंक नौटियाल पुत्र विवेकानंद नौटियाल निवासी धनारी धारकोट उत्तरकाशी ने बताया कि कार में उसकी मां 52 वर्षीय रेशमी नौटियाल और मौसा संदीप उनियाल भी थे। टीम ने गंभीर रूप से घायल रेशमी को भी रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा। उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जबकि, 42 वर्षीय संदीप उनियाल पुत्र प्यारेलाल निवासी उनियाल गांव टिहरी गढ़वाल की मौके पर ही मौत हो गई।

**हादसेमें बुझा ...**जानकारी के अनुसार ग्राम मदनापुर, बंगाली रोड़, गूलरभोज, दिनेशपुर निवासी 23 वर्षीय अक्षय नेगी पुत्र स्व. विशन सिंह नेगी रूद्रपुर के सेवन चीज पिज्जा शॉप में डिलीवरी ब्वाय के रूप काम करता था। बीती रात वह ड्यूटी समाप्त कर संस्थान की मोटरसाईकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में गूलरभोज दिनेशपुर मार्ग पर पैट्रोल पंप के पास उसकी बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। अचानक हुई इस दुर्घटना में अक्षय बुरी तरह घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में देख मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अक्षय को मध्य रात्रि सड़क हादसे में युवक की मौत मध्य रात्रि उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचांया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रानकारी मिलते ही उसके परिजन चिकित्सालय आ पहुंचे और अक्षय का शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक अक्षय की इसी साल 25 अप्रैल को शादी हुई थी। इस घटना से उसकी बूढ़ी मां के सिर पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। क्योंकि पति की मौत के बाद अब घर का इकलौता वारिस उससे हमेशा के लिए दूर हो गया।

**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सगा छोटा विवाहित भाई साबिर पुत्र स्व. अब्दुल रहमान गलत संगत में पड़ गया है तथा मुझसे कहीं अन्यत्र रहता है। भाई साबिर के गलत कृत्यों से दुःखी होकर मैंने उससे व उसके परिवार से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में साबिर व उसके परिवार द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**इब्राहिम पुत्र स्व.अब्दुल रहमान**
निवासी-वार्ड 13 खेड़ा,रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

**बाजपुर में पकड़ी अवैध...**मंजूनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया कि जनपद ऊधमसिंह नगर क्षेत्र में हथियारों की फैक्ट्री संचालित होने के गोपनीय इनपुट पर मिलने पर एसटीएफ पिछले 2 माह से इस पर काम कर रही थी। मंगलवार रात्रि एसटीएफ को एक आर्म्स डीलर के बाजपुर काशीपुर आने की सूचना मिली जिसपर टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से उसे 1 तंमचे के साथ ढेला पुल के पास गिरफ्तार किया गया जिसने पूछताछ में बाजपुर में एक मकान में हथियारों की फैक्ट्री चलने की बात बताई जिस पर टीम द्वारा उस मकान को घेरकर दबिश दी गयी तो उसके अन्दर हथियारों की एक बड़ी फैक्ट्री चलती पायी गयी। सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ व थाना कुण्डा व बाजपुर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत कार्यवाही के तहत 2 बड़े अवैध हथियारों के तस्कर गुच्छन पुत्र शब्बीर निवासी लालपुर बीबी, टांडा बदली, जिला रामपुर और शाहिद उर्फ पप्पी पुत्र मौ0 ताहिर को गिरफ्तार कर लिया। इनके द्वारा बाजपुर क्षेत्र में अवैध हथियारों की फैक्ट्री को संचालित किया जा रहा था, इस फैक्ट्री में भारी मात्रा मेंनिर्मित व अर्धनिर्मित हथियार, कारतूस व उनको बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि वे पिछले 2 वर्ष से यहाँ पर हथियारों की फैक्ट्री चला रहे थे किसी को कानों-कान खबर भी नही हो पायी थी वे हथियार बनाकर यहाँ से यूपी, हरियाणा, दिल्ली व उत्तराखण्ड के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करते थे। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पूछताछ में टीम को अवैध हथियारों की तस्करी के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ हाथ लगी हैं जिसके आधार पर एसटीएफ आगे कार्यवाही करेगी, गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना कुंडा , जनपद ऊधम सिंह नगर में समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। पकड़ने वाली टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह,उपनिरीक्षक केजी मठपाल,बृजभूषण गुरुरानी,मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह,मुख्य आरक्षी दुर्गा सिंह,किशोर कुमार,संजय कुमार,आरक्षी मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह आदि शामिल हैं। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने खुलासा करने वाली एसटीएफ टीम को 10 हजार के नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

**50 लाख की स्मैक...**के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस कप्तान ने बताया कि राज्य को पूरी तरह नशा मुक्त बनाने के अभियान के क्रम में पुलिस टीम को गठित कर उसे नशा कारोबारियों के पीछे लगाया गया था। गठित पुलिस टीम ढेला पुल के समीप सघन तरीके से चेकिंग अभियान चलाई थी इसी दौरान उधर से होकर गुजर रहे एक संदिग्ध युवक को पुलिस टीम ने शक के आधार पर घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम अगरास, थाना फतेहगंज, तहसील मीरगंज, जनपद बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी अमरुद्दीन अंसारी पुत्र धन्नू बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 502:20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा बिक्री के 15 हजार रुपए भी मिले। बरामद स्मैक की कीमत 50 लाख से भी अधिक आंकी जा रही है। इस मामले में पुष्प विहार कॉलोनी काशीपुर निवासी रेशमा पत्नी मोहम्मद अजहर, उजमा पुत्री रेशमा, शाहनवाज, यामीन व ग्राम बैलजूड़ी थाना कुंडा निवासी शमीम भाभी नामक महिला फरार बताए जा रहे हैं। अभियुक्ता रेशमा के खिलाफ गैंगस्टर व एनडीपीएस के पूर्व में आधा दर्जन मामले दर्ज है।पुलिस कप्तान ने कहा कि जल्द ही फरार अभियुक्तों को भी सलाखों के पीछे किया जाएगा। पूछताछ में स्मैक की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार नशा कारोबारी अमरुद्दीन ने बताया कि वह कपड़े की कढ़ाई का काम करता है। काम में मंदी आने के कारण उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी थी। पैसों की जरूरत के कारण रेशमा ने उसे अपने पास बुलाकर लालच देते हुए स्मैक के कारोबार में खींच लिया। तभी से वह रेशमा के गाइडेंस में काशीपुर तथा आसपास के क्षेत्र में स्मैक की सप्लाई देने लगा। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पुलिस टीम की इस रिकवरी को वर्ष 2023 की सबसे बड़ी रिकवरी बताते हुए पुलिस टीम की पीठ थपथपाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम को 2000 नगद पुरस्कार की घोषणा भी की।

**दोहरे हत्याकांड का आरोपी...**पर दबिश दे रही थी। लेकिन हत्यारा पुलिस को निरंतर चकमा देकर बचता रहा। एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर पच्चीस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। अब जबकि हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है देखना ही पूछताछ में पुलिस उससे कौन कौन से राजों पर से पर्दा उठाएगी। उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया जाना है।

**स्पीलपर फैक्ट्री में...**में साथी कर्मचारियों द्वारा उसे हल्द्वानी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधकों द्वारा मृतक भोपाल के परिजनों को साढ़े छह बजे घटना की जानकारी दी। भोपाल की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा है, मृतक भोपाल की दो पुत्रियां हैं। भोपाल की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। पता चला है कि स्लीपर फैक्ट्री में मजदूरों से मानक को ताक में रखकर काम कराया जाता है, साथ ही सुरक्षा के पूरे प्रबंध भी नहीं है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

**नशा तस्करों की ...**पर बड़ी चोट बताया। एसएसपी ने कहा कि एक ग्राम स्मैक 4 से 5 लोग पीते हैं इस तरह बरामद स्मैक की बड़ी खेप से हजारों हजार युवाओं को नशे की गर्त में जाने से पुलिस टीम ने साफ बचा लिया। एसएसपी ने तल्ख लहजे में यह भी कहा कि नशा कारोबारी की अवैध संपत्ति को जब्त करने के साथ ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाएगी।

**हाईवे पर ढेला पुल...**के इस प्रकार ढहने से राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा कराये जा रहे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। यही नहीं दूसरी ओर जो पुल बना हुआ है उसकी स्थिति भी खतरनाक है। वहां भी जो पैराफीट बने हुए हैं वह भी खतरे की जद में हैं। अधिकारियों को दूसरी तरफ भी निरीक्षण कर देखना चाहिए ताकि किसी बड़ी संभावित दुर्घटना से बचाव किया जा सके।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मित्र पुलिस का 'मानवीय चेहरा' सामने लाने की जरूरत

## बेहद अमानवीय हालातों में किया जा रहा किरायेदारों का सत्यापन , साधारण प्रयासों द्वारा बदली जा सकती है पुलिस की परंपरागत छवि

■ अर्श

रूद्रपुर। शहर के आम जन की सुरक्षा की दृष्टि से यह बड़े ही संतोष का विषय है कि विगत दिनों रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप थाना अंतर्गत हुए दोहरे हत्याकांड के बाद, किरायेदारों के सत्यापन को लेकर पुलिस विभाग बेहद सख्त रवैया अख्तियार कर चुका है। इस क्रम में पिछले दिनों पुलिस की कई टीमें ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की विभिन्न घनी आबादी वाली बस्तियों में पहुंची और सभी टीमों ने बेहद सक्रियता के साथ बस्तियों में रह रहे किरायेदारों का सत्यापन तो किया ही ,साथ ही सत्यापन ना कराने वाले मकान मालिकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही करते अब तक किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों को शीघ्रतिशीघ्र किरायेदारों का सत्यापन करा लेने की हिदायत भी दी। पुलिस की इस हिदायत के बाद ट्रांजिट कैंप थाना में आजकल किरायेदारों का सत्यापन कराने के लिए मकान मालिकों सहित किरायेदारों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ने लगी है। आलम इन दिनों कुछ ऐसा है कि





ट्रांजिट कैंप थाने में सुबह से ही मकान मालिक और किरायेदारों की बड़ी लंबी कतार लग जाती है। इस कतार में स्त्री, पुरुष एवं वृद्ध जन सभी शामिल रहते हैं। वैसे तो किरायेदारों के सत्यापन की यह प्रक्रिया ठीक-ठाक ही चल रही है ,लेकिन अनेक बार इसमें कुछ विसंगतियां निकलकर सामने आ ही जाती हैं ।देखा जा रहा है कि सत्यापन कराने के लिए आने वाली भीड़ को,सत्यापन करने वाली महिला पुलिस कर्मी ठीक तरह से हैंडल नहीं कर पा रही हैं। पहली बात तो यह कि सत्यापन करने के लिए एक ही काउंटर बनाया गया है जोकि उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर नाकाफी है और दूसरे यह कि कई मौकों पर सत्यापन कार्य के लिए नियुक्त महिला पुलिसकर्मी भीड़ के दबाव के चलते खीझ जाती हैं तथा उपस्थित लोगों को पुलिसिया घुड़की भी दे डालती हैं। कहने की जरूरत नहीं कि सत्यापन के लिए तैनात महिला पुलिस कर्मियों के ऐसे व्यवहार से पुलिस का मित्रता वाला चेहरा तनिक धुंधला सा पड़ने लगता है और कहीं ना कहीं इस धारणा को मजबूत करने लगता है कि पुलिस ज्यादा देर तक आम जनता से मित्रवत व्यवहार नहीं कर पाती और कुछ समय बाद उसके परंपरागत रंग ढंग नजर आने ही लगते हैं । सीधे शब्दों में कहें तो ट्रांजिट कैंप थाने में चल रहे ताजा सत्यापन अभियान की कुछ खामियों को अगर पुलिस विभाग के आला अधि कारी समय रहते दूर कर दे ,तो शहर की पुलिस आमजन को वास्तव में मित्र की तरह नजर आने लग सकती है। देखा जा रहा है कि किरायेदारों का सत्यापन कराने के लिए पहुंचने वाले लोग ट्रांजिट कैंप थाना प्रांगण में, इस उमस भरी गर्मी में एक लंबी-सी लाइन में पसीने से लथपथ, कई घंटों तक धूप में खड़े रहते हैं ।कई बार तो सत्यापन करने वालों की भीड़ इतनी बढ़ जाती है की लाइन थाना के बाहर सड़क तक पहुंच जाती है। इस स्थिति के दृष्टिगत अगर सत्यापन काउंटर की संख्या बढ़ा दी जाए तो सत्यापन कार्य भी जल्द निपट जाएगा और थाना प्रांगण में लंबी लाइन भी नहीं लगेगी। इसके अतिरिक्त सत्यापन के लिए पहुंचने वाले वृद्ध जनों के बैठने के लिए एक बेंच की व्यवस्था करना भी एक अच्छी पहल हो सकती है और यदि ध ूप में खड़े रहने वाले लोगों के लिए छांव का कोई प्रबंध कर दिया जाए तो यह और भी अच्छा होगा। साथ ही सत्यापन कर्मियों को लंच पर भेजने के लिए अगर रिलीवर की व्यवस्था कर दी जाए, तो इससे सत्यापन कार्य को और भी गति मिल सकती है ,क्योंकि सत्यापन कार्य में लगी महिला पुलिसकर्मियों के लंच में जाने की स्थिति में सत्यापन कार्य लगभग घंटे से डेढ़ घंटे तक बंद रहता है। बताने की जरूरत नहीं कि इस दौरान कतार में खड़े अपनी बारी आने की प्रतीक्षा कर रहे लोगों का धैर्य टूटने लगता है ।इसके अलावा सत्यापन के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों की एक सूची थाना प्रांगण में टांगना भी एक अच्छा कदम हो सकता है, क्योंकि देखा जा रहा है कि लोग कई घंटे खड़े रहने के बाद जब लोगों का नंबर आता है ,तो उन्हें बताता बताया जाता है कि फला दस्तावेज कम है या फला दस्तावेज ठीक नहीं है अथवा अमुक दस्तावेज में किसी अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है। जाहिर है कि ऐसी पहल से लोगों का समय तो बचेगा ही साथ ही साथ पुलिस कर्मियों के कीमती समय की भी बचत की जा सकेगी। आशय यह कि पुलिस विभाग का थिंक टैंक अगर चाहे तो कुछ छोटे-मोटे प्रयासों से ही, पुलिस का श्मानवीय चेहराश समाज के सामने बड़ी ही आसानी से लाया जा सकता है ।







